मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 114
बुधवार, 06 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## झामुमो, कांग्रेस, राजद अब फुस्स हो चुके पटाखे हैं: राजनाथ सिंह



**रांची, 05 नवम्बर।** झारखंड के रांची में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावक रहे मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि झारखंड में कौन सरकार बनाने जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मंडल मुर्मू ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के प्रस्तावक के रूप में अपना नाम वापस ले लिया है और बीजेपी में शामिल होने का फैसला किया है। मंडल मुर्मू समझ गये कि झामुमो की नैया डूब रही है। साफ है कि एनडीए यहां सरकार बनाएगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद अब फुस्स हो चुके पटाखे हैं, भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है, यह आदिवासियों का खून चूसता है। राजनाथ सिंह ने सवाल करते हुए कहा कि मैं हेमंत सोरेन से पूछता हूं कि घुसपैठिए झारखंड में क्यों आ रहे हैं?, आदिवासी आबादी 28 प्रतिशत तक क्यों सिमट गई? उन्होंने लोगों से अपील की कि भाजपा को दो कार्यकाल दीजिए, झारखंड विकसित राज्यों की कतार में होगा।

भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड में अब तक यहाँ के सात मुख्यमंत्रियों में से तीन को जेल जाना पड़ा है। इनमें एक भी मुख्यमंत्री भाजपा का नहीं है। भाजपा ने हमेशा ठीक ढंग से सरकार चलाई है। खटट की सरकार जब जब आयी भ्रष्टाचार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि खटट, कांग्रेस और राजद ने झारखंड को ठगा है। ये दल इस प्रदेश के विकास में स्पीडब्रेकर बने हुए हैं। ये स्पीडब्रेकर इस बार के चुनावों में तोड़ दीजिये। राजनाथ ने कहा कि देशभर में करीब 60 हजार आदिवासी गांवों के विकास के लिए विशेष योजना की घोषणा की गई है। आदिवासियों में भी जो पिछड़े हैं उनके विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना चलाई है। मोदीजी ने आदिवासी कल्याण की चिंता की है। उन्होंने दावा किया कि म झारखंड में सरकार बनने पर अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करेंगे। घुसपैठियों द्वारा कब्जाई आदिवासी जमीन को वापस लौटाने के लिए कानून बनाएंगे। वरिष्ठ नेता ने कहा कि झारखंड में सरकार बनने पर 'गोगो दीदी योजना' के माध्यम से हर महीने की 11 तारीख को झारखंड की सभी महिलाओं के बैंक खाते में 2100 रुपये प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार बनने पर हम लोग फूलो-झानो पढ़ो बिटिया' योजना के तहत राज्य के गरीब और पिछड़े वर्ग की प्रत्येक बालिका को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे।

झारखंड में सरकार बनने पर धान की खरीद की दर को 3,100 रु. प्रति क्विंटल तक बढ़ाएंगे।बिना कटनी - छटनी के पूरे वजन का पैसा खरीद के 24 घंटे के भीतर भुगतान कर दिया जाएगा।

## अमानतुल्ला खान को नहीं मिली राहत, 16 नवंबर तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली, 05 नवम्बर।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 16 नवंबर तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने ईडी द्वारा दायर एक आवेदन पर खान की हिरासत बढ़ा दी, जिसमें दावा किया गया था कि मामले की जांच महत्वपूर्ण चरण में है और अगर रिहा किया गया, तो खान जांच में बाधा डाल सकता है और गवाहों को प्रभावित कर सकता है।

न्यायाधीश 6 नवंबर को यह फैसला कर सकते हैं कि मामले में खान के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। ईडी ने 29 अक्टूबर को 110 पेज का पहला पूरक आरोप पत्र दायर किया, जिसमें दावा किया गया कि खान ने कथित तौर पर दिल्ली वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार के माध्यम से उत्पन्न धन का शोधन किया। आरोपपत्र में मरियम सिद्दीकी का नाम है, जिसे ईडी ने मामले में आरोपी के रूप में गिरफ्तार नहीं किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आगे दावा किया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में खान और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत थे। खान की जमानत याचिका पर 7 नवंबर को सुनवाई होने की संभावना है। ईडी ने दिल्ली के ओखला इलाके में उनके आवास पर तलाशी लेने के बाद 2 सितंबर को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत खान को गिरफ्तार किया था और दावा किया था कि जब उनसे पूछताछ की गई तो वह टाल-मोल कर रहे थे। खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच दो एफआईआर से जुड़ी है- वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो का मामला और दिल्ली द्वारा दर्ज कथित आय से अधिक संपत्ति का मामला।

## महायुति के उम्मीदवार विश्वनाथ भोईर का चुनाव प्रचार सुरू



**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना, बीजेपी, एनसीपी और रिपाई महायुति के उम्मीदवार विश्वनाथ भोईर का चुनाव प्रचार आज से शुरू हो गया है। विश्वनाथ भोईर ने टिटवाला में श्री महागणपति के दर्शन कर अपने प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया। विश्वनाथ भोईर ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व और पिछले ढाई वर्षों में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के बल पर मतदाता उन्हें एक बार फिर कल्याण पश्चिम से विधान सभा में भेजेंगे।

बतादें कि निवर्तमान विधायक विश्वनाथ भोईर को एक बार फिर कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से महायुति ने चुनावी मैदान में उतारा है। कल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भोईर के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद आज तुरंत विश्वनाथ भोईर ने टिटवाला में श्री महागणपति के दर्शन कर अपने चुनाव अभियान की शुरूआत की।

इस प्रचार रैली में शिवसेना जिला प्रमुख अरविंद मोरे, विधानसभा संगठक मयूर पाटिल, संजय पाटील, महिला शहर संगठक नेत्रा उगले, पूर्व नगरसेवक जयवंत भोईर, उपशहर प्रमुख विजय देशेकर, संतोष (अप्पा) तरे, पूर्व नगरसेविका वैशाली भोईर, युवा सेना उपशहर प्रमुख विकास भोईर, शाखा प्रमुख रोशन चौधरी सहित किरण पाटिल, अशोक चौरे, बबलेश पाटिल, नीता देशेकर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वाजपेयी का नजरिया अपनाया गया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती: उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर, 05 नवम्बर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नजरिया अपनाया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि वाजपेयी ने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वाजपेयी 1999 में पहली दिल्ली-लाहौर बस से पाकिस्तान गए थे, तो उन्होंने मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था जो आसान नहीं था।

सदन के नेता अब्दुल्ला ने कहा, फिर वह सरहद पर खड़े हो गए और कहा कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। वाजपेयी ने कहा था कि बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद बार-बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया। अब्दुल्ला ने कहा, मैं उन्हें (वाजपेयी को) जानता हूं और उनकी मंत्रिपरिषद के एक मंत्री के रूप में उनके साथ काम किया है। जब हम वाजपेयी को याद करते हैं, तो हम उन्हें जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में याद करते हैं। उन्होंने हमेशा जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सुधारने की कोशिश की, उन्होंने तनाव कम करने की कोशिश की। अब्दुल्ला ने कहा, उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के आर - पार के रास्तों को खोलने के लिए काम किया जो बाद में फिर से बंद हो गए। वह लोगों को करीब लाना चाहते थे। उन्होंने नागरिक समाज को करीब लाने की कोशिश की। आज हमें अलग रखने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वाजपेयी का नजरिया अपनाया गया होता तो जम्मू-कश्मीर की यह हालत नहीं होती। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, मुखर्जी के पास कोई गॉडफादर नहीं था और उन्हें राजनीति में कोई लेकर नहीं आया था। उन्होंने कड़ी मेहनत की थी।

उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने अपने सभी पदों के साथ न्याय किया।

सदन के नेता ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी और उनके पूर्व सहयोगी और भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राणा सहित अन्य को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। राणा का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। राणा के बारे में उन्होंने कहा, अगर किसी सहकर्मी के खोने का मुझे दुख है, तो वह राणा थे। चुनावी प्रतिद्वंद्विता में हमने कड़वी बातें कही थीं। लेकिन, मुझे नहीं पता था कि वह इतने बीमार हैं। अगर मुझे पता होता तो मैंने हमारे संबंधों को सुधारने की कोशिश की होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धांजलि देने के लिए तैयार की गई दिवंगत लोगों की सूची में शामिल सभी 56 लोगों ने जनता की सेवा के लिए कुछ न कुछ किया है।

## केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी पर पुलिस अधिकारी को धमकाने का मामला दर्ज

**बेंगलुरु , 05 नवम्बर।** केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के खिलाफ खनन के एक मामले की जांच कर रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को धमकी देने के आरोप में केंद्रीय मंत्री के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक एम. चंद्रशेखर की शिकायत के आधार पर सोमवार को मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप है कि कुमारस्वामी ने एक सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने के लिए उसे धमकाया। शिकायतकर्ता ने कहा कि अधिकारी खनन के एक मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल का नेतृत्व कर रहे थे, जिसमें कुमारस्वामी आरोपी हैं। कुमारस्वामी के खिलाफ जांच उन आरोपों से संबंधित है।जिसमें उन्होंने 2006 से 2008 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कानून का उल्लंघन करते हुए बेल्लारी जिले में श्री साईं वेंकटेश्वर मिनरल्स (एसएसवीएम) को 550 एकड़ का खनन पट्टा अवैध रूप से स्वीकृत किया था। चंद्रशेखर ने संजय नगर थाने में दर्ज अपनी शिकायत में कहा, ह्यह्यएसआईटी ने जांच रिपोर्ट तैयार करने और आरोपी (कुमारस्वामी) के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत और सामग्री मिलने के बाद 21/11/2023 को कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल को पत्र लिखकर आरोपी श्री एच.डी. कुमारस्वामी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया था।

## शरद पवार का बड़ा ऐलान, नहीं चाहिए सत्ता, अब नए लोगों को चुनकर आना चाहिए



**मुंबई, 05 नवम्बर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई है। आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि बीतने के बाद प्रदेश भर में मुकाबलों की तस्वीर साफ होने लगी है। कई जगहों पर विद्रोहियों ने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एक तरफ जहां इस बात की चर्चा हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ शरद पवार के राजनीतिक संन्यास की भी चर्चा होने लगी है। बारामती में युगेंद्र पवार की प्रचार सभा में अपने भाषण में उन्होंने खुद इस बात का संकेत दिया है। हालांकि, शरद पवार ने कहा है कि वह राजनीति से संन्यास लेने के बाद भी सामाजिक कार्य करते रहेंगे। एनसीपी में विभाजन से ठीक एक महीने पहले शरद पवार ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन एनसीपी के तमाम नेताओं और कार्यकताओं के आग्रह के चलते उन्होंने इसे वापस ले लिया।

इसके तुरंत बाद पार्टी में विभाजन हो गया और अजित पवार का गुट सत्तारूढ़ ग्रैंड अलायंस में शामिल हो गया। तब भी शरद पवार के इस्तीफे की चर्चा जोरों पर थी। अब जैसे ही शरद पवार ने अपने राजनीतिक संन्यास का सीधा संकेत दिया है तो राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। युगेंद्र पवार के प्रचार के लिए शरद पवार ने आज बारामती में बैठक की. इस मौके पर उन्होंने यह जिक्र करते हुए अपने संन्यास का संकेत दिया कि वह पिछले 55 सालों से महाराष्ट्र के राजनीतिक दायरे में सक्रिय हैं। आपमें से कुछ उस समय जीवित थे, कुछ का जन्म नहीं हुआ था। 55 साल पहले मैंने महाराष्ट्र के सभी हिस्सों में काम करना शुरू किया। 1967 में उस समय के मतदाताओं ने मुझे चुना। मैं अभी भी उनमें से कुछ मतदाताओं को यहां देखता हूं। वह अब 50-55 साल के हैं।

शरद पवार ने कहा कि सबके सहयोग से मैं विधानसभा में गया, राज्य मंत्री बना, मंत्री बना, मुख्यमंत्री बना, रक्षा मंत्रालय में काम किया, कृषि मंत्रालय में काम किया और आज मैं राज्यसभा में हूं। आपके वोट से एक बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए और फिर निर्णय लिया कि अब लोकसभा नहीं रहेगी। क्योंकि 30-35 साल तक लगातार चुने जाने के बाद एक नई पीढ़ी का निर्माण होना चाहिए। इसलिए 30 साल पहले मैंने फैसला किया कि मैं अब लोकसभा के लिए खड़ा नहीं होऊंगा। मैं यहां की राजनीति नहीं देखूंगा। अभी राज्यसभा में हूं। अभी डेढ़ साल का कार्यकाल बाकी है। उसके बाद मुझे दोबारा सोचना पड़ेगा कि राज्यसभा जाऊं या नहीं।

"स्वच्छ जल से ही स्वस्थ जीवन"
सस्ते एवं उचित दर पर, आपकी सेवा में समर्पित, एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें






# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह



-ललित गर्ग

कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार




दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है। निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है।

गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाववाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षड़यंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा।

पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मयार्दा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया।

खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं। इन सभी जगहों पर भारतीय उच्चायोग ने पेंशन पाने वाले भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र बांटने के लिए शिविरों का आयोजन किया था। कनाडा में इस तरह के शिविर लगाने की परंपरा पुरानी है। कनाडा में कई बार मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे जा चुके हैं। खालिस्तानियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने से उनका दुस्साहस बढ़ रहा है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक विघटनकारी खेल खेल रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई देश उस अतिवाद को कैसे पलने दे सकता है। ऐसी अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कार्रवाई से जस्टिन ट्रूडो की सरकार का संकट ही बढ़ेगा और वे और उनके दल का अगले चुनाव में सफाया हो जाने की पूरी आशंका है।

# कनाडा में भी लगे 'जय श्री राम' और कटेंगे तो बटेंगे के नारे



अशोक भाटिया

कनाडा के ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर के बाहर लोग जुट रहे हैं। इन लोगों के हाथों में भारत के झंडे हैं, कुछ लोगों के हाथों में भगवा झंडे भी नजर आ रहे हैं। लोग 'जय श्री राम' और ह्य कटेंगे तो बटेंगे के नारे ह्य के नारे लगा रहे हैं। इन लोगों में बेहद गुस्सा है। मंदिर के बाहर जुटे लोगों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख?ता इंतजाम भी किये गए हैं। इस मंदिर के बाहर ही खालिस्तानियों ने हिंदू श्रद्धालुओं पर लाठियां चलाई थीं, उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। इन घटना को लेकर भारत में भी काफी रोष नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कनाडा में मंदिर के बाहर हिंदुओं पर हुए हमले की निंदा की और इसे 'जानबूझकर किया गया हमला' करार दिया।

ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर के बाहर प्रदर्शन कर रहे कुछ लोग खालिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगा रहे हैं। कनाडा के इतिहास में शायद पहली बार किसी हिंदू मंदिर में इस तरह खालिस्तान मुदार्बाद के नारे लगे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिंदुओं में इस घटना को लेकर कितना गुस्सा है, जो इस रूप में बाहर आ रहा है। इससे पहले सोमवार को भी मंदिर के बाहर सैकड़ों श्रद्धालु जुटे और 'जय श्रीराम' और 'बटेंगे तो कटेंगे' के नारे लगाए। भारत के मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों के सुरक्षित पनाहगाह के तौर पर उभरे कनाडा में दंगाइयों ने हिंदू मंदिरों को निशाना बना रहे है। श्रद्धालुओं पर हमले किए जा रहे हैं। भारतीय राजनयिकों पर हमले की कोशिश की है। जस्टिन ट्रूडो की सरकार भारतीय राजनयिकों की निगरानी कर रही है। उनकी जासूसी कर रही है। कनाडाई आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो ने भारत पर बेतुके आरोप लगाए। तब से दोनों देशों के रिश्ते गर्त में पहुंच चुके हैं। अब हिंदू मंदिरों पर ट्रूडो सरकार के पाले गुंडों और दंगाइयों के हमले ने लक्ष्मण रेखा पार कर दी है।

यहाँ पंजाब में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सरकार पर खालिस्तानियों को अपरोक्ष रूप से सपोर्ट करने का आरोप लगते रहे हैं। पर जिस तरह पंजाब सरकार लगातार कनाडा में खालिस्तानियों को लेकर हुई घटनाओं पर आंख मूंदे हुए है वो उन आरोपों की पुष्टि कर रहे हैं जो अब तक उन पर लगता रहा है। पंजाब सरकार भारत-कनाडा विवाद पर टिप्पणी करने से इनकार करती रही है। अब भारत और कनाडा को लेकर लगातार माहौल खराब हो रहा के बावजूद पंजाब सरकार की रहस्यमय चुप्पी समझ से परे है। जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार से पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस सरकार ने इस तरह कभी भी कट्टरपंथियों के आगे हाथ नहीं डाले थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया है। कनाडा में निज्जर हत्याकांड के बाद वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जिस तरह से अपनी राजनीति चमकाने के नाम पर लगातार भारत को टार्गेट कर रहे हैं, जिस तरह वहां हिंदुओं को बार-बार खालिस्तानी उग्रवादी टार्गेट कर रहे हैं उसके चलते एक बार फिर पंजाब अशांति की ओर जा सकता है। पिछले महीने इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर की माने तो पंजाब सरकार के कुछ मंत्रियों ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, हालांकि एक ने कहा कि पार्टी ने इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर में जब दोनों देशों के बीच संबंध पहली बार तनावपूर्ण हुए थे और कनाडाई संसद में ट्रूडो ने यह दावा किया था कि भारत का जून 2023 में सरे में हुई निज्जर की हत्या में हाथ था। तब मान को विपक्ष ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था। पर इस बीच जब मामला और गंभीर होता जा रहा है तब भी पंजाब सरकार की चुप्पी संदेहास्पद होती जा रही है। AAP सरकार की चुप्पी पर पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने इसे लेकर पार्टी पर निशाना साधा था कि पार्टी ने कनाडा विवाद पर एक शब्द भी नहीं कहा। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा ने मुख्यमंत्री से सवाल किया था कि मान दावा करते हैं कि वह पंजाब के 3 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं कहा, जो कनाडा में रहने वाले लाखों पंजाबी, खासकर युवाओं को प्रभावित करता है। माना जाता है कि AAP को NRI समुदाय का समर्थन प्राप्त है। 2017 के विधानसभा चुनावों के प्रचार में बड़ी संख्या में प्रवासी समुदाय के लोगों ने पंजाब में आकर पार्टी को बैकअप दिया था। हालांकि, उस समय अअढ चुनाव हार गई थी, केवल 117 में से 20 सीटें जीत पाई थी। 2022 में, AAP ने फिर से चुनाव लड़ा और 91 सीटें जीतकर सत्ता में आई, जिसमें फिर से NRI समुदाय का समर्थन मिला था।कहा गया कि अअढ को समर्थन देने वालों में अधिकतर खालिस्तानियों समर्थक हैं। तो क्या इस जनसमर्थन के चलते आम आदमी पार्टी के नेता कनाडा विवाद पर कुछ भी बोल नहीं रहे हैं।

सवाल उठता है कि जब पंजाब में रही कांग्रेस सरकार और पंजाब की स्थानीय सीपीआई इकाई दोनों हमेशा से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ बयान देते रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी इस संबंध में क्यों मुंह छिपा रही है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और अब वरिष्ठ भाजपा नेता अमरिंदर सिंह हमेशा से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर भारत-कनाडा संबंधों को बर्बाद करने का आरोप लगाते रहे हैं। जब वो पंजाब में कांग्रेस सरकार के मुखिया तब भी उनके विचार में कोई अंतर नहीं था।

अमरिंदर सिंह कहते हैं कि ट्रूडो ने भारत और कनाडा के रिश्ते को बर्बाद कर दिया है। ट्रूडो की रुचि सिर्फ एक चीज में है और वह है अपने चुनाव में सिख वोट पाना। पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए सिंह कहते हैं कि उन्होंने उस समय के कनाडाई रक्षा मंत्री हरजीत सज्जन से मिलने से इनकार कर दिया था और उन्हें खालिस्तानी समर्थक कहा था। 2018 में ट्रूडो के भारत दौरे को याद करते हुए, उन्होंने कहा, जब ट्रूडो यहां आए, तो वह मुझसे मिलना चाहते थे। मैंने कहा कि मैं उनसे मिलना नहीं चाहता। वह पंजाब आना चाहते थे। फिर भारत सरकार ने ट्रूडो से कहा कि यदि आप मुख्यमंत्री से नहीं मिलते हैं, तो आप पंजाब नहीं जा सकते हैं। तब हमें मिलना पड़ा। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) का भी अनपेक्षित सहयोगी मिला है।

कनाडा में हिंदी टाइम्स मीडिया के समूह संपादक राकेश तिवारी का कहना है, कि पूरी दुनिया में हिंदुओं की राजनीतिक ताकत कमजोर पड़ती जा रही है। भारत-विरोधी देश इसका लाभ उठाते हैं और वे भारत में अलगाववाद के समर्थक लोगों को हवा दे रहे हैं। पाकिस्तान भी भारत के टुकड़े करवाना चाहता है क्योंकि बांग्लादेश का घाव उसे आज भी टीसता है।

बताया जाता है कि ऐसे में सबकी निगाहों में सॉफ्ट टारगेट सिख समुदाय है। चूंकि भारत के बाहर सिखों की सबसे बड़ी आबादी कनाडा में है, इसलिए वहां के सिखों को बरगलाना आसान है। वहां के गुरुद्वारों में ऐसे तत्त्वों का जमावड़ा खूब है, जो लोग धार्मिक श्रद्धालुओं को और भारत के युवा सिखों को भड़काते हैं। जबकि कनाडा में भी हिंदू-सिखों में परस्पर शादी-विवाह होते हैं और दोनों समुदाय एक-दूसरे के पूजा स्थलों में जाते रहते हैं।

# जहां जीवंत लीला में टूटता है कालियानाग का दर्प...



-सुरेश गांधी

भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण की लीला अपरंपार है। हर रूप में श्रीकृष्ण की माया ने सभी को अचंभित किया। बाल रूप में ह्यपूतना का संहारह्य तो नटखट कान्हा रुप में कालिया नाग का किया काम तमाम, तो बांके बिहारी रुप में ह्यद्रौपदी की लाजह्य बचाई और कुरुक्षेत्र में विराट रूप में पूरी सृष्टि को दिखाया। मुरलीधर के इन्हीं चमत्कारी रुप है ह्यनाग नथैया यानी कालिया नागह्य के फन पर श्रीकृष्ण का बांसुरी नृत्य। इसी का मंचन धर्म एवं आस्था की नगरी काशी के तुलसी घाट पर तकरीबन साढ़े चार सौ साल से भी अधिक समय से होता चला आ रहा है। खास यह है कि भगवान भोलेनाथ की नगरी में श्रीकृष्ण की लीला का शुभारंभ स्वयं संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसी दास ने की है। उनके द्वारा शुरू की गयी इस कृष्ण लीला को नाग नथैया के नाम से जाना जाता है। इस जीवंत लीला में बालरुप में भगवान श्रीकृष्ण गोधूली बेला में मां गंगा में छलांग लगाते है और पांच मिनट बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य करते हुए बाहर निकलते है। जबकि अच्छे से अच्छे तैराक भी दो मिनट से ज्यादा डूबकी नहीं लगा सकते। यही समयांतराल लाखों भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए काफी है और बिना किसी आमंत्रण या प्रचार के भगवान श्रीकृष्ण की जीवंत लीला देखने के लिए लाखों की भीड़ जमा हो जाती है।

प्रस्तुत है सीनियर रिपोर्टर सुरेश गांधी की तुलसी घाट से जीवंत रिपोर्ट, जो लीला भारत ही नहीं पूरी दुनिया में ख्यातिलब्ध तो है ही, तीनों लोकों में भी अनोखी है। कहते है श्रीकृष्ण के इस जीवंत लीला को देखने देवताओं की टोली आती है, ठीक उसी तर्ज पर जैसे लक्खा मेलों में शुमार नाटी इमली के भरत मिलाप में गोधूली बेला में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम सहित चारों भाईयों के मिलन के दौरान जब सूरज डूबता है तब भगवान का अंश यहां के राम लक्ष्मण में आ जाता है। इसकी प्रमाणिकता गोधूली बेला की टाइमिंग 4.40 बजे देती है जब भगवान सूर्य की किरणें चारों भाईयों के चेहरे पड़ता है। ठीक उसी तरह तुलसी घाट की नाग नथैया में देखने को मिलता है, जब लीला के दौरान बालरुप श्रीकृष्ण के चेहरे पर भगवान सूर्य की किरणें दिखती है. बात 1608 से 1611 के बीच उस वक्त की है जब महान कवि गोस्वमी तुलसीदास अपने ही उपासक भगवान श्रीराम की पटकथा लिख रहे थे। वह जगह आज भी धर्म एवं आस्था की नगरी काशी में तुलसी आश्रम व घाट के रुप में स्थापित है। मान्यता है कि काशीवासियों के रग-रग में समा चुके भगवान भोलेनाथ की भक्ति के बीच श्रीराम लीला के साथ-साथ श्रीकृष्ण लीला का भी बोध कराना चाहते थे। उसी कड़ी में तुलसीदास जी ने तुलसी घाट पर श्रीकृष्ण के नटखट रुप में कालिया नाग मर्दन की जीवंत लीला का मंचन कराई, जिसे नाग नथैया के नाम से जाना जाता है।

**इस लीला में बालरुप में भगवान श्रीकृष्ण गोधूली बेला में मां गंगा में छलांग लगाते है और पांच मिनट बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य करते हुए बाहर निकलते है. जबकि अच्छे से अच्छे तैराक भी दो मिनट से ज्यादा डूबकी नहीं लगा सकते. यही समयांतराल लाखों भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए काफी है और बिना किसी आमंत्रण या प्रचार के भगवान श्रीकृष्ण की जीवंत लीला देखने के लिए लाखों की भीड़ जमा हो जाती है. इसकी प्रमाणिकता गोधूली बेला की टाइमिंग 4.40 बजे देती है जब तुलसी घाट की नाग नथैया लीला के दौरान बालरुप श्रीकृष्ण के चेहरे पर भगवान सूर्य की किरणें दिखती है**

शुरूआती दौर में श्रीमद्भागवत ही इसका आधार था। बाद में ब्रज विलास ग्रंथ के अनुसार इसका मंचन किया जाने लगा। ब्रज विलास की रचना 18वीं शताब्दी में ब्रज के प्रसिद्ध संत ब्रजवासी दास ने की। उन्होंने काशी प्रवास के दौरान तुलसीघाट की श्रीकृष्ण लीला देखी। स्वयं तत्कालीन महंत पंडित धनीरामजी से मिलकर श्री रामलीला की ही तरह ब्रज विलास को भी झांझ-मृदंग पर गाकर श्रीकृष्ण लीला की नई पद्धति चलाई। इस पद्धति से कार्तिक कृष्ण द्वादशी से मार्ग शीर्ष प्रतिपदा तक यह लीला होती है। श्रीकृष्ण के जीवंत लीला मंचन आज भी लगातार हो रहा है। इस लीला की ख्याति का अंदाजा इसी बात लगाया जा सकता है कि तुलसी घाट पर आयोजित इस लीला में आज भी विदेशी सैलानियों समेत लाखों भारतीयों का हुजूम उमड़ती है। जहां पतित पावनी गंगा में कालिंदी का रूप लिया और भगवान श्रीकृष्ण ने कालिया का दर्प चूर किया। यह मेला दीपावली के पांचवे दिन होता है। इस बार यह लीला 5 नवंबर को है।

इस लीला को देखने के लिए घाट की सीढ़ियों से लगायत छतों-बारजों के साथ ही गंगा की गोद में नौका पर भी आस्थावान स्थान लिए दोपहर से ही प्रभु लीला की झांकी के लिए तुलसी घाट श्रद्धालु जुटने लगते है। जब लाखों की भीड़ जमा होती है उसी समय सायंकाल गोधूली बेला में ठीक 4.40 बजे नटवर नागर श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ गेंद खेलते हैं। ब्रज विलास के दोहे यह कहि नटवर मदन गोपाला, कूद परे जल में नंदलाला.. गायन के बीच नंदलाल कदंब की डाल से कालीदह में कूद पड़ते है। भगवान श्रीकृष्ण की बालरुप में मंचन कर रहे बालक के गंगा में छलांग लगाते ही दर्शकों की आंखे खुली की खुली रह जाती है। हर मुख से यही निकलता है बचाओं-बचाओं, लेकिन मां गंगा की गोद में पीपे के संजाल में विशेषज्ञ तैराकों की मदद से इस पांच मिनट में बालक रुपी श्रीकृष्ण को पीपे के अंदर मौजूद कालिया नाग रुपी स्टैच्यू के फन पर श्रीकष्ण को खड़ा किया जाता है, इसके बाद बाहर निकाला जाता है। इसके साथ ही अधीर हुआ लीला स्थल वृंदावन बिहारी लाल व गिरधर नटवर की जय के साथ ही हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठता है। घंट-घड़ियाल, शंखनाद व डमरुओं की थाप व महताबी की जगमग में प्रभु श्रीकृष्ण कालिया नाग को नाथकर उसके फण पर पांव रखे बांसुरी बजाते बाहर निकलते है। चहुंदिशाओं से कपूर की आरती उतारी जाती है और प्रभु श्रद्धालुओं को दर्शन देकर निहाल कर देते हैं। इन अलौकिक पलों को अपने कैमरों और मोबाइल में कैद करने की होड़ मच जाती है। लीला आयोजक समिति के कर्ताधर्ता एवं संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने इस परंपरा का जिक्र करते हुए बताया कि ऐसी लीला भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा-वृंदावन में भी नहीं होती है। जहां तक इसकी जीवंतता का सवाल है तो सब भगवान की कृपा से ही संभव हो पाता है। खास तौर से उस दौर में जब अच्छे से अच्छे तैराक भी दो मिनट से ज्यादा गंगा में डूबकी नहीं लगा सकतें लेकिन उनके पूर्वजों द्वारा शुरू की गयी इस लीला को आज भी जीवंत रुप देने की कोशिश की जाती है। उनका कहना है कि एक बार राज किले के पास भी इस लीला को करने की कोशिश की गयी थी, लेकिन गंगा में छलांग लगाते बालक को नहीं बचाया जा सका था। खास यह है कि लीला स्थल पर कदंब का पेड़ लगाना हो या मां गंगा के अंदर पीपे के अंदर संजाल बिछाने का सब कुछ लीला के कुछ ही घंटे पहले विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। श्री मिश्र ने बताया कि कालिया नाग ने द्वापर में यमुना को प्रदूषित किया था जिसे भगवान श्रीकृष्ण ने प्रदूषण मुक्त किया। इसी तरह मां गंगा में दर्जनों नालों व कल कारखानों के मलबे के रूप में बहते कालियनाग का दमन करने में इस लीला का संदेश होता है।

# महाराष्ट्र चुनाव नैतिकता विहीन और विचार शून्य



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

दलीय दलदल किसी राज्य में नजर आता है, तो वह भारत के आर्थिक रुप से सम्पन्न राज्य महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में दिखाई देता है। जहां वर्तमान दौर की राजनीति विचार शून्य ओर नैतिकता विहीन नजर आ रही है। नामांकन दाखिल किए जाने के बाद से वापसी तक जो राजनीतिक घमासान नजर आ रहा है। वह दलीय निष्ठाओं के ऊपर व्यक्तिगत, पारिवारिक हितों को स्थापित करता दिखाई देता है। यहां जिस प्रकार कि राजनीति चल रही है उसका असर भारत की राजनीति को निश्चित रूप से प्रभावित करेगा। राजनीति का इससे पहले इतना अवमूल्यन कभी नहीं देखा गया जैसा महाराष्ट्र के कुछ बरसों एवं 2024 के विधानसभा चुनाव में देश सहित महाराष्ट्र की जनता देख रही है। राजनीति का ऐसा घालमेल जहां यह तय कर पाना मुश्किल हो जाए कि किस दल की विचारधारा कौनसी है? कौन किसका साथी है? सुबह इस पार्टी का नेता शाम तक किसी दूसरी पार्टी में टिकिट हथियाने के लिए चले जाएगा कहा नहीं जा सकता है। राजनीति की क्रूर सच्चाई के महाराष्ट्रीयन उदाहरणों ने दलगत निष्ठा, भरोसा, नैतिकता, विचार जैसे सकारात्मक राजनीति के गढ़े गए शब्दों से विश्वास ही उठा दिया है। क्या महाराष्ट्र भारतीय राजनीति का दर्पण है ? जिसमें दिखाई देने वाली राजनैतिक तस्वीर भारतीय राजनीति का असली चित्र प्रस्तुत कर रही है ? जबकि बरसों से राजनीतिक दलों ने देश की जनता को बताया कि प्रजातंत्र में राजनीतिक दल अपने सिद्धांत कार्यक्रम ओर एजेंडा लेकर मतदाता के समक्ष जाते है। जनता की सेवा और राष्ट्रसेवा नेता और दल का परम दायित्व है। दलीय राजनीति में व्यक्ति और परिवार गौण रहते है, नीति और कार्यक्रम मुख्य होते है, जिसे जनता के सामने रखकर राजनीतिक दल देश प्रदेश की सेवा का बहुमत प्राप्त करता है। सरकार बनाने के लिए एक ही विचारधारा के साथी दल आपसी गठबंधन बनाकर चुनावी समर में उतरते है। बेमेल गठबंधन राजनीति में भ्रष्टाचार को बढ़ाते है।महाराष्ट्र की राजनीति में खरीद फरोख्त एवं भ्रष्टाचार का बोलबाला पहले से ही मौजूद रहा है, किंतु बीते कुछ सालों से जोड़तोड़ की सरकारों के दौर में राजनीति की तस्वीर बेहद भद्दी और घिनौनी हो गई है। महाराष्ट्र की राजनीति के विषय में कहा जाता है कि यहां खुलेआम धनबल, बाहुबल, सत्ताबल का प्रयोग चुनाव में किया जा रहा है। नेता धनबल के प्रयोग से चुनाव जीतकर सत्ता की मंडी में अपनी बोली लगाते हैं, इस बोली में विचारधारा, नैतिक मूल्य, दलीय निष्ठा को भी दांव पर लगा दिया जाता है। यहां पहले भी ऐसा हो चुका है, अब इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

चुनाव जीतकर नेता जनता की सेवा का संकल्प लेते है। किंतु जो परिवेश महाराष्ट्र की राजनीति के वर्तमान दौर में दिख रहा है। वह भारत के प्रजातंत्र की असली तस्वीर तो नहीं कही जा सकती है। इस परिवेश के निर्माण में कोई एक दल जिम्मेदार नहीं सभी दल यहां एक जैसी कार्यप्रणाली से राजनीतिक गतिविधियों को संचालित कर रहे है। महाराष्ट्र प्रदेश में 20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए नाम वापसी तक कुल 10900 उम्मीदवारों में से 983 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापिस ले लिया है। चुनाव आयोग के मुताबिक 1654 उम्मीदवारों के नामांकन रिजेक्ट किए गए। चुनाव मैदान में 8272 उम्मीदवार बचे है।

कांग्रेसनित महाविकास आघाड़ी जिसमें कांग्रेस, एनसीपी शरद, शिवसेना उद्धव गुट शामिल है इस गठबंधन को जहां अपने ही साथी दलों के बागी उम्मीदवारों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा से कमल व्यवहार की बगावत कायम है, पुणे पार्वती अम्बा बागुल कांग्रेस से बगावत पर कायम है, शिवाजी नगर कांग्रेस से मनीष आनंद की बगावत कायम है। माजलगांव, सोलापुर, नागपुर में महाविकास आघाड़ी में बागी उम्मीदवार मैदान में है। समाजवादी पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार कुछ विधानसभा से उतारे है। महायुति में भी अनेकों सीटों पर बगावत के सुर सुनाई दे रहें है। इस गठबंधन में भाजपा, शिवसेना शिंदेगुट और एनसीपी अजित पवार गुट शामिल है। महायुति का गठबंधन महाराष्ट्र की सरकार में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज है। भाजपा से जुड़े दोनों दल अपनी पार्टी से विद्रोह कर शामिल हुए है। महायुति में नामांकन वापसी के बाद भी अनेकों उम्मीदवारों ने बागी के रूप में चुनाव लड़ने की ठान ली है। कुलमिलाकर दोनो ही गठबंधनो में पार्टी की निष्ठा कमजोर हुई है। सत्ता प्राप्ति के लिए दलबदल सामान्य बात हो गई है। भाजपा जैसी बड़ी पार्टी ने एक रणनीति के तहत अपनी पार्टी के नेताओं को दलबदल कराकर अपने गठबंधन की दूसरी पार्टियों में भेजकर टिकिट दिलवाए है। प्रसिद्ध लेखक आर आर जैरथ ने अपने एक लेख में स्पष्ट लिखा कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा का स्पष्ट रूप से दबदबा है। भाजपा ने शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजित गुट को अपनी अपेक्षा से अधिक सीटें देना पड़ी। उसने अपने सहयोगियों को शिवसेना और एनसीपी से चुनाव लड़ने को मजबूर किया। भाजपा के 16 नेताओं ने शिवसेना और एनसीपी से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी छोड़ दी है। उदाहरण के लिए भाजपा प्रवक्ता और परिचित टीवी चेहरा साइना एनसी तथा पूर्व केंदीय मंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे के बेटे नीलेश को शिवसेना के टिकिट से चुनाव लड़ाया गया है। अजित पंवार ने भी चार भाजपा नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर उन्हें चुनाव लड़ाया है। चुनाव के समय हुए इस दलबदल से साफ जाहिर है। पार्टी की निष्ठा यहां कोई मुद्दा ही नहीं है। महाराष्ट्र में सभी पार्टियों और नेताओं का लक्ष्य महज सत्ता प्राप्ति है। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों में सत्ता प्राप्ति के लिए बेमेल गठबंधन नहीं हुए पर महाराष्ट्र में यह अधिक दिखाई दे रहा है। इससे पूर्व विधानसभा चुनाव प्रदेश के मतदाता भाजपा, शिवसेना और कांग्रेस एनसीपी गठबंधन में से अपना चुनाव करते थे। पूर्व के इन गृहबंधनों की विचारधारा भी एक सी रही है। अब जबकि दो शिवसेना और दो एनसीपी मैदान में है, एक आघाड़ी तरफ तो दूसरी युति के पक्ष में है, मतदाता महाराष्ट्र चुनाव के दलीय दलदल से भ्रमित है। जनता के सामने एक स्थाई सरकार चुनने का कठिन प्रश्न खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र का यह राजनैतिक घालमेल जहां सत्ताबल, बाहुबल, धनबल का खुलेआम प्रदर्शन हो रहा है। यहां चुनाव आयोग को भी सख्त रवैया अपनाने की आवश्यकता है। धनबल, सत्ताबल और बाहुबल के प्रयोग से बना जनप्रतिनिधि जनता के हितों पर कम अपने निजी हितों पर अधिक ध्यान देतें है। चुनाव में स्वच्छता, पारदर्शिता होनी चाहिए। अनुचित संसाधनों के प्रत्योग पर कठोर पाबंदी लगनी चाहिए। चुनाव में प्रयुक्त अनुचित साधन प्रजातंत्र को कमजोर करते है। जनतंत्र को कमजोर करने वाली इस राजनीति को सिरे से नकारने की सबसे बड़ी जवाबदेही महाराष्ट्र की जनता के जिम्मे है। महाराष्ट्र को एक स्थाई सरकार की आवश्यकता है। दलों के दलदल से ही जनता को अपने वोट की ताकत से ईमानदार और स्वच्छ चरित्र वाले नेताओं को चुनना है। महाराष्ट्र में चल रही मौजूदा राजनीति देश और महाराष्ट्र के हितों के अनुकूल तो बिल्कुल भी नहीं है।

**जबकि बरसों से राजनीतिक दलों ने देश की जनता को बताया कि प्रजातंत्र में राजनीतिक दल अपने सिद्धांत कार्यक्रम ओर एजेंडा लेकर मतदाता के समक्ष जाते है। जनता की सेवा और राष्ट्रसेवा नेता और दल का परम दायित्व है। दलीय राजनीति में व्यक्ति और परिवार गौण रहते है, नीति और कार्यक्रम मुख्य होते है, जिसे जनता के सामने रखकर राजनीतिक दल देश प्रदेश की सेवा का बहुमत प्राप्त करता है। सरकार बनाने के लिए एक ही विचारधारा के साथी दल आपसी गठबंधन बनाकर चुनावी समर में उतरते है। बेमेल गठबंधन राजनीति में भ्रष्टाचार को बढ़ाते है।महाराष्ट्र की राजनीति में खरीद फरोख्त एवं भ्रष्टाचार का बोलबाला पहले से ही मौजूद रहा है, किंतु बीते कुछ सालों से जोड़तोड़ की सरकारों के दौर में राजनीति की तस्वीर बेहद भद्दी और घिनौनी हो गई है। महाराष्ट्र की राजनीति के विषय में कहा जाता है कि यहां खुलेआम धनबल, बाहुबल, सत्ताबल का प्रयोग चुनाव में किया जा रहा है।**

-नरेंद्र तिवारी स्वतंत्र

# वाराणसी में तांत्रिक के चक्कर में आकर युवक ने किया पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या

**डॉ.एस.के.मिश्र ज़िला संवाददाता वाराणसी**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। भदैनी इलाके में एक युवक ने पत्नी और तीन बच्चों की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर छोड़ कर भागा हुआ है। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है, सूचना पाकर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड के साथ भेलूपुर थाने की पुलिस मौके पर है।भदैनी स्थित पॉवर हाउस के सामने की गली में राजेंद्र गुप्ता अपनी पत्नी नीतू, बेटी गौरांगी और बेटों नवनेंद्र व सुबेंद्र के साथ रहता था।

मंगलवार को पड़ोसियों ने राजेंद्र के घर का दरवाजा खुला नहीं देखा तो पुलिस को सूचना दी, पुलिस पहुंची और राजेंद्र के घर गई तो नीतू अपने तीनों बच्चों के साथ खून से लथपथ मृत पड़ी थी। वहीं राजेंद्र घर से गायब था प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि राजेंद्र किसी तांत्रिक के संपर्क में था। तांत्रिक का कहना था कि उसकी प्रगति की राह में उसकी पत्नी और बच्चे बाधक हैं। इसी वजह से राजेंद्र ने पत्नी



नीतू गुप्ता, नवनेंद्र, सुबेंद्र और गौरांगी की फाइल फोटो। -

और बच्चों की हत्या की है, पुलिस राजेंद्र के साथ ही तांत्रिक की भी तलाश शुरू कर दी है।राजेंद्र हत्या के मामलों में पहले भी जेल में रह चुका है, उसके मकान में तकरीबन 20 किरायेदार रहते हैं। वह देसी शराब ठेका का संचालक भी है, दूसरी तरफ, पुलिस और जानकारी इकट्ठा करने के लिए पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि 20 वर्ष पहले भी आरोपी राजेंद्र गार्ड के साथ कई हत्याएं कर चुका है, वह जेल में सजा काटकर आया है। यह उसकी दूसरी पत्नी थी।वहीं, मौके पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल भी पहुंच गए, पूछताछ के साथ ही भेलूपुर पुलिस आरोपी राजेंद्र गुप्ता का और इतिहास खंगाल रही है, यह भी पता किया जा रहा है कि वह तांत्रिक कौन था जिससे राजेंद्र मिलता-जुलता था।

इससे पहले भी गार्ड और अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर चुका है। देर रात राजेंद्र ने पत्नी नीतू गुप्ता (45), बेटे नवनेंद्र गुप्ता (25), सुबेंद्र गुप्ता (15) और बेटी गौरांगी गुप्ता (16) को गोली मारी। राजेंद्र के मकान में करीब 20 किराएदार रहते हैं। लेकिन, किसी को इसकी भनक तक न लगी। पत्नी व तीनो बच्चो की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गया है।

# पराली जलाना दण्डनीय अपराध, लग सकता है 15 हजार रुपये तक जुर्माना

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम, आत्मा योजनान्तर्गत कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड केराकत एवं डोभी के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में ब्लाक स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया इसमें किसानों को रबी फसलों की आधुनिक तकनीकियो से खेती करने तथा खेतों में पराली न जलाने का सुझाव दिया गया।



गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डा.रमेश चंद्र यादव ने कहा कि किसान खेतों में पराली कदापि न जलाए। बल्कि बायो डी कम्पोजर से खाद बनाने एवं उन्नति शील कृषि यंत्रों से पराली प्रबंधन का सुझाव दिया तथा बताया कि सैटेलाइट से पकड़ें जाने पर दो एकड़ तक पराली जलाने वाले कृषको पर रुपये 2500, पाच एकड़ तक पाच हजार रुपये तथा पाच एकड़ क्षेत्रफल से अधिक पराली जलाने पर रुपये 15 हजार जुर्माना के साथ सारी सरकारी योजनाओं से बंचित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खेतों में पराली जलाने पर मनुष्य एवं जीव जन्तुओ के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।पराली को यथा स्थान मिट्टी में सड़ाने से मृदा का तापमान नियंत्रित रहता है।पीएच मान एवं मृदा की संरचना में सुधार होता है। मृदा की जल धारण क्षमता एवं वायु संचार बढ़ता है जिससे उत्पादन लागत में कमी एवं उत्पादकता में वृद्धि होती है।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक अमहित डा. आरके सिंह ने रबी फसलों की वेहतर उत्पादन तकनीक यथा खेत की तैयारी, बीज शोधन, सन्तुलित उर्वरक प्रबंधन, लाइन सोईंग, खरपतवार सुरक्षा तथा कृषि इंजीनियर वरुण कुमार ने लाईन सोइग की जानकारी दिया। एसएमएस डा.शिवानंद ने कम लागत में अधिक उत्पादन वाली प्राकृतिक खेती की जानकारी दिया।अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी पवन कुमार तथा संचालन प्राविधिक सहायक शिव दयाल रघुवंशी द्वारा किया गया।इस मौके पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा. स्वाति पाहुजा, एडीओ एजी.चन्द्र मोहन सिंह, दयानन्द सिंह,एडीओ पीपी अशोक सिंह, बीटीएम महीप श्रीवास्तव,शिव कुमार, बाल कुमार, दल सृगार,वषार्ती पाल आदि किसान मौजूद रहे।

# फुट ओवरब्रिज का काम जारी है जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा: अधीक्षक

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज जंक्शन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण धीमी गति से होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिए रेलवे लाइन पार कर जाते हैं जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं जब इस सम्बंध में शाहगंज जंक्शन के अधीक्षक वीके यादव से पूछा गया तो उन्होंने कहा की नए फुट ओवरब्रिज का काम लगभग पूरा हो गया है। सिर्फ फर्श पर पत्थर बिछाने का कार्य चल रहा है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। यात्री इस पैदल मार्ग का इस्तेमाल भी कर रहे हैं।एक सवाल के जवाब में स्टेशन अधीक्षक ने कहा की कुछ तो लोगों में जागरूकता की कमी है जो रेलवे लाइन को जान जोखिम में डाल कर पार करते हैं।आगे उन्होंने कहा की आरपीएफ और जीआरपी पुलिस कड़ाई से नियमों का उलंघन करने वाले ऐसे यात्रियों पर कार्यवाई भी करती है हर माह लगभग सैकड़ो यात्रियों का रेलवे की धारा में चालान भी होता है। सारी व्यवस्था जल्द ही पूर्ण कर ली जाएंगी।



# दिव्यांग स्कूल में लेखा परीक्षा अधिकारी ने वितरित किया खाद्यान्न सामग्री

बक्शा,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में मां धमार्देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के नेतृत्व में दिव्यांग बच्चों के बीच लेखा परीक्षा अधिकारी जवाहर लाल व उनकी पत्नी चंदा देवी ने दिव्यांग बच्चों के बीच फल लड्डू समोसा, कांपी पेन वितरित किया और दिव्यांग बच्चों के लिए आर्थिक सहायता भी दिया संस्था संचालक डॉ प्रमोद कुमार सैनी ने बताया कि यह संस्था इन दिव्यांग बच्चों को निः शुल्क शिक्षण प्रशिक्षण भोजन कपड़ा स्वास्थ परिक्षण दिव्यांग प्रणाम पत्र उपकरण आदि सुविधा उपलब्ध कराता है और मां धमार्देवी फाउन्डेशन ट्रस्ट के सस्थापक सुरेश शर्मा के द्वारा इस संस्थान में दिव्यांग बच्चों को महिने में दो बार बाल कटिंग निः शुल्क कराया जाता है सुरेश शर्मा ने कहा कि इस संस्था के दिव्यांग बच्चों के लिए हमारी सस्था सदैव सहायता प्रदान करेगी मौके पर मां धमार्देवी फाउन्डेशन ट्रस्ट से उपाध्यक्ष रेनू शर्मा, महामंत्री राजेश गौतम, ब्लाक अध्यक्ष मनोज शर्मा संस्था स्टॉप,सोनम यादव, मनोज माली, मेनका सिंह, मंजू प्रजापति, रूबीना राम अवतार माली, शिवम्‌ सैनी, व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहें प्रबन्धक विनोद कुमार माली ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



# सिरकोनी में रोजगार मेला का आयोजन कल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर के तत्वाधान में 07 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे विकास खण्ड सिरकोनी परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला आयोजित किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त कर सकते है।जिला सेवायोजन अधिकारी एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0प्रुफ सहित एवं वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए रोजगार हेतु अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए जनपदीय चयन/ट्रायल्स 8 से

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 बॉक्सिंग एसोसियशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय खेल समन्वय सीनियर महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 17 नवम्बर, 2024 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम बुलन्दशहर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के सीनियर महिला बॉक्सिंग खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 08 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित सीनियर महिला खिलाड़ी ही 09 नवम्बर 2024 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में प्रातः 9.30 बजे से किया जायेगा।में प्रतिभाग करेंगी। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा।मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए श्री शशि कुमार यादव, अंशकालिक मानदेय बॉक्सिंग प्रशिक्षक 9125833690 जौनपुर से सम्पर्क कर सकती हैं।

# जीयनपुर में नाली के विवाद को लेकर रिटायर्ड सिपाही की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जमीन हरखोरी (लड़ीहा) गांव में नाली के विवाद को लेकर बीती रात पटीदारों ने रिटायर्ड सिपाही की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपियों की तलाश में पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। जमीन हरखोरी गांव के पुरवा लड़िया निवासी रिटायर्ड सिपाही नरसिंह यादव (65) सोमवार की सुबह घर के सामने नाली की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान घर के बगल में रहने वाले पटीदार बलजीत यादव से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद कुछ लोगों ने बीच में पड़कर मामले को रफा-दफा कर दिया। इसके बाद बीती रात करीब 9:30 बजे के करीब बालजीत और उनके बेटों ने मिलकर रिटायर्ड सिपाही नरसिंह को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल नरसिंह को लेकर परिजन एक निजी अस्पताल पहुंचे और उन्हें भर्ती कराया। इलाज के दौरान नरसिंह यादव की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर जीयनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर जहां पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने में जुट गई।

# पीडीए संकीर्ण और साम्प्रदायिक ताकतों को हराएगा: वीरेंद्र यादव

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी सदर विधानसभा



की मासिक बैठक कोइरीडीहा मे विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में 11:00 बजे आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश से आए निदेशों के क्रम में पीडीए एकता और जागरूकता पर तथा 2027 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बल दिया गया। अध्यक्षता कर रहे हैं विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पीडीए समाज जुड़ रहा है जो आज सत्ता में बैठे हुए संकीर्ण सांप्रदायिक एवं नफरत भरी राजनीति को मात देकर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि अपने अपने बूथों पर सक्रियता से लग जाएं और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाएं। पीडीए समाज से जुड़कर जागरूक करने का काम करें। बैठक को प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, डॉ. नासिर खान, कमालुद्दीन अंसारी, सोनी यादव, डॉ. दशरथ यादव आदि ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर दिलीप प्रजापति, रामकेश बिंद, राणाशंकर यादव, देवा यादव, मंगल चौरसिया, अरविंद यादव, रमेश बिंद, मोहम्मद आसिफ शाह, साबिर रजा, मदभारत बिंद, राजेश कुमार यादव, कायम मेंहदी सहित विधानसभा के समस्त पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्तगण उपस्थित रहे। संचालन विधानसभा महासचिव कमाल आजमी ने किया।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**धर्मेन्द्र कुमार शर्मा संवादाता**

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के पूरामुकुंद गांव में समूह का पैसा कलेक्शन करने गए समूह कर्मियों पर दबंगों ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं पुलिस सभी घायलों को बदलापुर सीएचसी पहुचायां जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक एलेंन्टी प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी में एजेंट रजनीश कुमार गौतम पुत्र चंद्रिका प्रसाद गौतम निवासी गडेरूआ थाना जीएनपुर जिला आजमगढ़ ने बदलापुर कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह वर्तमान मे बदलापुर में एलेन्टी फाईनेन्स कम्पनी में काम करता है। घटना दिनांक 4 नवम्बर 24 समय सायं लगभग 6 बजे प्रार्थी अपना समूह का पैसा ग्राहक के बुलाने पर पूरामुकुन्द तिराहे पर पहुचां जहां विपक्षी सूरज गौतम पुत्र अज्ञात, संजय गौतम पुत्र अज्ञात,गुड्डू गौतम पुत्र अज्ञात निवासीगण पूरामुकुन्द व बेल गौतम पुत्र अज्ञात निवासी बबुरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर ने उन्हें गाली गलौज देते हुये लाठी डण्डे से मारे पीटे जिससे प्रार्थी का सर फट गया और हाथ टूट गया और बीच बचाव करने आये अवनीश पुत्र अज्ञात आलोक मिश्रा पुत्र अज्ञात तथा सतीश पाण्डेय के भी गाली गुप्ता देते हुये बुरी तरह मारे पीटे जिससे सबको गम्भीर चोटे आयी और प्रार्थी गण के लगभग चार गाड़िया तोड़ दिये और प्रार्थीगण में से आलोक की सोने की चेन पर्स में रखा हुआ और लगभग 20 बीस हजार रुपया लेकर चले गये अन्य स्टाप सिद्धार्थ जो बीच बचाव मे गया था उसका भी पचास हजार रुपये ले लिए।फिलहाल इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल पीड़ित रजनीश कुमार गौतम पुत्र चंद्रिका प्रसाद गौतम की लिखित तहरीर के आधार पर उक्त दबंगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्यवाई में जुटी है।



## मड़ियाहूं पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना मड़ियाहू पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की साइकिल बरामद-डा0 अजय पाल, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ विवेक सिंह के पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहू पुलिस टीम द्वारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व मु0अ0सं0-335/2024 धारा-303(2)/317(2) बीएनएस थाना मडियाहू जौनपुर से संबंधित वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र सोनी पुत्र लहरू सोनी निवासी भानापुर थाना रामपुर जौनपुर को आज दिनांक 05.11.2024 को समय 13.00 बजे मुखबिर खास कि सूचना पर दिलावरपुर बाईपास से गिरफ्तारी एवं बरामदगी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मिशन शक्ति के फेज-5 के तहत महिला कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति विशेष अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर देवेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी श्रीमती प्रतिमा वर्मा व मो0 हसन पी0जी0 कालेज के लेफ्टीनेन्ट कर्नल पुष्पेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण, नेतृत्व व मौजूदगी में महिलाओ को सशक्त करने हेतु उनकी मानसिक शक्ति, तत्परता, ताकत को बढ़ावा देने के लिये 05 नवम्बर 2024 को महिला पुलिस कर्मचारी व मो0 हसन पी0जी0 कालेज जौनपुर की एनसीसी की छात्राओ के बीच मो0 हसन पी0जी0 कालेज में भारतीय लोकप्रिय खेल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। दोनो टीमो ने बड़े ही उत्साह के साथ उक्त प्रतियोगिता मे भाग लिया। जिसमें महिला पुलिस की टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाते हुये 31-09 से विजयी रही। विजेता तथा उपविजेता टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा मेडल तथा ट्राफी प्रदान किया गया। महिला पुलिस कर्मियो द्वारा वहाँ पर उपस्थित बालिकाओ और छात्राओ का मनोबल बढ़ाते हुये उन्हे आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया गया। हे0का0 दीनदयाल व हे0का0 बलवन्त यादव के दिशा निर्देशन मे म0हे0का0 स्मृता, म0का0 आरती राजपूत, म0का0 वैष्णवी सिंह, म0का0 प्रतिभा मौर्या, म0का0 शिवानी चौधरी, म0का0 दिप्ती प्रसाद, म0का0 वन्दना प्रसाद, म0का0 शिल्पा पाण्डेय, म0का0 ममता यादव, म0का0 अंजली सिंह, म0का0 प्रिया सहानी, म0का0 डाली वर्मा के द्वारा उक्त खेल मे प्रतिभाग किया गया।



# रामपुर पुलिस टीम ने चोरी की घटना करते हुये दो बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**रियाजुल हक जिला क्राइम रिपोर्टर जौनपुर**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये दो बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी मडियाहुँ के पर्यवेक्षण में थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-204/24 धारा 305,331(4) बीएनएस से सम्बन्धित चोर व चोरी के सामान की तलाश हेतु मामुर थे कि रामलीला मैदान रामपुर के पास दो संदिग्ध व्यक्ति जो पुलिस को देखकर भागने लगे, को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियो से बारी बारी से नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमशः 1. करन गौतम पुत्र आनन्द गौतम निवासी धनुंहा वार्ड नं0-02 थाना रामपुर जनपद जौनपुर 2. आशीष गौतम पुत्र तौलन गौतम निवासी धनुंहा वार्ड नं0-02 थाना रामपुर जनपद जौनपुर बताया जिनके पास से चोरी किया हुआ एक बडा पीतल का घन्टा, पाँच छोटी घन्टी पीतल की व घन्टी के टुकड़े बरामद करते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी का विवरण- एक बडा पीतल का घन्टा पाँच छोटी पीतल की घन्टी व घन्टी के टुकडे आदि।



# पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत पर वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिले

**विशाल सोनी शाहगंज संवाददाता**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अभिरक्षा में हुई मटरू बिंद की मौत पर वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम बिन्द सोमवार को बड़ौना गांव पहुंचकर मृतक की विधवा और बेटी से मिलकर घटना की जानकारी ली। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने योगी सरकार से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कठोर सजा दिलाने और परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग किया। मालूम हो कि क्षेत्र के बढ़ौना गांव में पहुंचे वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मृतक परिवार की आर्थिक मदद भी किया। विधवा निन्हका देवी उसकी पुत्री पूजा ने विलाप करते हुए घटना की जानकारी दी। महिला ने बेटी को आखिरी समय पर पिता का दीदार न कराने और पुलिस पर जबरन शव का जिला मुख्यालय पर अंतिम संस्कार कराने का आरोप लगाया। मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने योगी सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध चरम पर है। पुलिस कस्टडी में लोगों की हत्या कर दी जा रही है। परिवार और गांव के लोगों ने जिस तरह से घटना के बाबत बताया। उससे प्रशासन की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। हमारी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ हैं और उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। बताते चलें कि बड़ौना गांव निवासी मटरू बिंद पुत्र सहदेव को 18 अक्टूबर की शाम तहसील के पास से पुलिस ने एक मामले में हिरासत में लिया था। 19 अक्टूबर की अलसुबह मटरू की मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि उसने थाने के शौचालय में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जबकि परिवार के लोगों ने उसकी मौत का कारण पुलिस की बर्बरता बताते हुए गम्भीर आरोप लगाए हैं।

# छठ पूजा: बरेका के सूर्य सरोवर पर पास से मिलेगा प्रवेश

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। छठ पूजा का महापर्व इस वर्ष 5 नवंबर से शुरू हो रहा है। वाराणसी के बरेका स्थित सूर्य सरोवर कुंड पर इस आयोजन के लिए खास तैयारियां की जा रही हैं। छठ पूजा समिति ने इस बार एक नई व्यवस्था के तहत पास जारी किए हैं, जिनके आधार पर ही महिलाओं के साथ उनके परिवार के लोगों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। विशेष पास व्यवस्था छठ पूजा के दौरान सूर्य सरोवर पर हर वर्ष काफी भीड़ होती है, और इसे देखते हुए इस बार सुरक्षा और व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पास का प्रबंध किया गया है। इसका उद्देश्य है कि व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सकुशल पूजा कर सकें। रविवार तक समिति ने 600 पास का वितरण कर दिया है। सफाई और सुविधाओं का विशेष प्रबंध समिति ने आयोजन स्थल पर व्यापक साफ-सफाई की व्यवस्था की है। घाटों और सीढ़ियों की सफाई कराई जा रही है और रंग-रोगन का कार्य भी हो रहा है। कुंड में पूरी तरह से पानी भरा जाएगा।

इस बार व्रती महिलाओं के लिए 22 चेंजिंग रूम भी बनाए जा रहे हैं ताकि पूजा के बाद उन्हें कपड़े बदलने में कोई दिक्कत न हो। भजन संध्या और धार्मिक आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर ओझा ने बताया कि 6 नवंबर को सूर्य सरोवर पर भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। 7 नवंबर को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भक्तिमय माहौल के बीच भजनों का आनंद लिया जा सकेगा। रात्रि में 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ होगा। अगले दिन, 8 नवंबर को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस तरह पूरे आयोजन में धार्मिक माहौल बना रहेगा और श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। वाहन पार्किंग की व्यवस्था समिति के महामंत्री अजय कुमार ने जानकारी दी कि छठ पूजा में शामिल होने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था तीन स्थानों पर की जाएगी। श्रद्धालु अपने वाहनों को बरेका इंटर कॉलेज मैदान, बरेका पुलिस चौकी के सामने वाली कॉलोनी और बाल निकेतन स्कूल के पास पार्क कर सकेंगे। पार्किंग की इस व्यवस्था से यहां तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस प्रकार, इस वर्ष छठ पूजा के पर्व को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए समिति ने विशेष प्रयास किए हैं, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

कार्यालय
उत्तरशक्ति (हिन्दी दैनिक)
निकट- हुमा मस्जिद वार्ड नम्बर-35, मुफ्ती मोहल्ला
जनपद- जौनपुर (उ0प्र0)- 222001
कार्यालय 9695970605
मुख्यालय 9554493941
E-mail: uttarshaktijaunpur7066@gmail.com
विज्ञापन, सूचना सम्बन्धित खबरों के लिए सम्पर्क करें।
Website-www.uttarshakti.co.in
YouTube UTTAR SHAKTI TV NEWS
हर खबर निष्पक्षता के साथ

